# NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH

## SOLVED ASSIGNMENT OF UNIT-I

CLASS : 3rd SESSION 2021-22

Subject : HINDI



### पाठ-1 (ईश्वर स्तुति)

**शब्द ज्ञान**

वरदान = आशीर्वाद , दुष्कर्म = बुरे काम , सदकर्म = अच्छे काम , लक्ष्य = उद्देश्य , सार्थक = सही प्रयोग , संयम = नियंत्रण , निर्भय = बिना डर के , असहाय = बेसहारा ।

**मौखिक : (उत्तर )**

1. इस जग को बनाने वाला ईश्वर है।
2. हम अपने देश का नाम संयम , साहस और निर्भयता से ऊँचा कर सकते हैं।

**लिखित : (उत्तर )**

क, बच्चा ईश्वर से माता-पिता का मान करने, दीन दुखियों और असहायों की सेवा करने का वरदान माँग रहा है।

ख, हम प्रार्थना में ईश्वर से पाप, झूठ, दुष्कर्मों से दूर रहकर बाधाओं को पार कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का वरदान माँगते हैं।

Scanned with CamScanner

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

क, असहायों की सेवा करें ।

ख, सत्कर्मों का वरण करें ।

ग, माता पिता का मान करें ।

भाषा ज्ञान (Book work)

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. सार्थक | निरर्थक | 6. निरर्थक | सार्थक |
| 2. सत्य | असत्य | 7. असत्य | सत्य |
| 3. जीवन | मरण | 8. मरण | जीवन |
| 4. पाप | पुण्य | 9. पुण्य | पाप |
| 5. सत्कर्म | दुष्कर्म | 10 दुष्कर्म | सत्कर्म |

इन शब्दों से पहले एक शब्द जोड़ कर नया शब्द बनाएं :

1. अ सत्य   2. स जग

3. दु:साहस   4. दुष कर्म

पाठ - २.

## हमारे राष्ट्रीय त्योहार

**शब्द ज्ञान**

धरती = ज़मीन , त्योहार = पर्व , राष्ट्रीय = राष्ट्र का
न्योछावर = समर्पित , संविधान = शासन क्रम ,
सरकारी = सरकार का ।

**मौखिक** ( उत्तर )

1. राष्ट्रीय त्योहार एकता के प्रतीक है। जिन्हें भारत के हर धर्म और राज्य के लोग मनाते है।

2. 15 अगस्त के दिन हमारा देश आजाद हुआ था।

**लिखित** :( उत्तर )

क, 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था और भारत की जनता को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के विषय में बताया गया था।

ख, गाँधी - जयंती 2 अक्टूबर को मनाई जाती है क्योंकि इस दिन गाँधी जी का जन्म हुआ था।

Scanned with CamScanner

भाषा ज्ञान :
कोष्ठक में दिए गए क्रिया शब्दों का सही रूप रिक्त स्थानों में लिखें : (उत्तर)
क. ली ख. हुआ ग. जाओ
घ. फहराते हैं ङ. हुआ

सोचे, समझें और लिखें

| | |
|---|---|
| मानव + ता = मानवता | गुलाम + ई = गुलामी |
| महान + ता = महानता | परिश्रम + ई = परिश्रमी |
| प्रभु + ता = प्रभुता | मैदान + ई = मैदानी |
| लघु + ता = लघुता | समुद्र + ई = सुमद्री |
| लिख + आई = लिखाई | राष्ट्र + ईय = राष्ट्रीय |
| पढ़ + आई = पढ़ाई | देश + ईय = देशीय |
| सुन + आई = सुनाई | भारत + ईय = भारतीय |
| चढ़ + आई = चढ़ाई | जाति + ईय = जातिय |

निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़ें। उसमें से गलती ढूँढें और सही करके लिखें :
किसी गाँव में एक गरिब कीसान रहता था। उपनी गरिबि के कारण उपने परिवार का गूजारा बड़ी मुश्किल से कर पाता था।

| गलत | सही | गलत | सही |
|---|---|---|---|
| गरिब | गरीब | गूजारा | गुजारा |
| कीसान | किसान | मुश्किल | मुश्किल |
| उपने | अपने | उपनी | अपनी |
| गरिबि | गरीबी | | |

## पाठ - 3
## डरडर चाचा

शब्द ज्ञान
रोंगटे खड़े होना = डर जाना, हँसी से लोट-पोट होना = बहुत ज़ोर से हँसना।

मौखिक : (उत्तर)
1. डरडर चाचा का असली नाम डरूमल था।
2. डरडर चाचा कागज़ की मिल में काम करते थे।

लिखित : (उत्तर)
क, चाचा ने रमेश और उसके मित्र से पूछा की हिन्दुस्तान की आबादी कितनी है।

ख, देखो मेरी नीली पतंग;
कितनी ऊँची उड़ी पतंग।
गगन को छूने पहुँची पतंग,
सूरज दादा को पकड़ती पतंग।
चंदा मामा को ढूँढती पतंग,
देखो मेरी नीली पतंग।
कितनी ऊँची उड़ी पतंग।

ग, चाचा जी करमद के पास, एक परछाई को देख कर डर गए थे। उन्हें लगा की यह परछाई

भूत की है। चाचा का डर सुरेन्द्र और मंगलेश ने दूर किया।

भाषा ज्ञान : (Book work)

किसने कहा, किससे कहा : (उत्तर)

क, "डरडर चाचा ने रमेश और उसके मित्र से कहा"।

ख, "डरडर चाचा ने रमेश और उसके मित्र से कहा।"

ग, "डरडर चाचा ने रमेश और उसके मित्रों से कहा।"

घ, "भीड़ में खड़े सुरेन्द्र ने कहा।"

ङ, "डरडर चाचा ने मलखान से कहा।"

नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें :

(उत्तर)

क, पक्षी = खग , परिंदा
ख, धरती = जननी , धरा
ग, जल = पानी , पेय
घ, समुद्र = सागर , सिंधु

Scanned with CamScanner

# निबंध (हिंदी व्याकरण)

## (गाय)

भारत में गाय को माता कह कर बुलाते है। गाय लाल सफेद, काली और भूरे रंग की होती है। गाय घास और भूसा खाती है। ज्यादा दूध के लिए गाय को दाना और चारा भी खिलाया जाता है।

गाय सब देशों में पाई जाती है। विदेशों की गाय ज्यादा दूध देती है। गाय का दूध लाभदायक होता है इससे पनीर, घी, मक्खन और मिठाईयां बनाई जाती है।

गाय बछड़े देती है। बछड़े बड़े होकर खेतों में काम आते है। गाय के गोबर से गैस और खाद बनाई जाती है। गाय हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी सेवा करना हमारा धर्म है।

—— o ——

# पत्र

प्रधानाचार्य जी को बिमारी के कारण अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखें :

प्रतिष्ठा में ;

श्री प्रधानाचार्य जी,
न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल,
राजबाग, श्रीनगर.
दिनांक : ........ 2020.

महोदय,

निवेदन है कि मुझे कल रात से तेज बुखार है। डाक्टर ने तीन दिन तक आराम करने का परामर्श दिया है। इसलिए कृप्या करके मुझे तीन दिन का अवकाश प्रदान करें।

सधन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य
क, ख, ग.

—— ○ ——

## विलोम शब्द : (1-10)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. विरोध | समर्थन | 6. कृतज्ञ | कृतघ्न |
| 2. स्तुति | निंदा | 7. जड़ | चेतन |
| 3. नवीन | प्राचीन | 8. आस्तिक | नास्तिक |
| 4. कीर्ति | अपकीर्ति | 9. श्वेत | श्याम |
| 5. गुरु | शिष्य | 10 निरर्थक | सार्थक |

## पर्यायवाची शब्द (1-4)

| | |
|---|---|
| सोना | कंचन, कनक, स्वर्ण, हेम । |
| वसंत | मधुऋतु, ऋतुपति, ऋतुराजा । |
| तालाब | जलाशय, ताल, तड़ाग, सरोवर । |
| अश्व | घोड़ा, वाजि, हय, तुरंग । |

## मुहावरे : (1-10).

1. अंग - अंग ढीला होना = थकान होना ।
2. अक्ल चकराना = हैरान रह जाना ।
3. आँख का काँटा = बुरा लगना ।
4. आँखे टेढ़ी करना = गुस्सा दिखाना ।
5. आग पर घी डालना = गुस्से को और बढ़ाना ।
6. इज्जत पर हाथ डालना = बेइज्जत करना ।
7. ईंट तक बिकवाना = सब कुछ ले लेना ।
8. उँगली उठाना = बुरा कहना

9. उड़ती चिड़िया पहचानना = बहुत चालाक करना।
10. उस्ताद होना = धोखा देना।

प्र: भाषा किसे कहते है ?
उत्तर: जिस साधन के द्वारा हम अपने विचारों को दूसरे के सामने प्रकट करते है और उनके विचारों को समझते है, उसे 'भाषा' कहते है।
भाषा के दो प्रकार होते है :
1. मौखिक रूप
2. लिखित रूप

प्र०. वर्ण किसे कहते है ?
उत्तर : वह मूल ध्वनि जिसके और खंड न किए जा सकें 'वर्ण' कहलाती है। जैसे - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, क्, च्, ट्, प्, श् आदि।
वर्णों के दो भेद होते है :
1. स्वर
2. व्यंजन